-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 09.10.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस लाइन बांदा में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन । कार्यशाला में साइबर कमाण्डो टीम द्वारा जनपद के समस्त थानों में तैनात साइबर हेल्प डेस्क व साइबर थाना के अधि0/कर्मचारियों किया गया प्रशिक्षित ।**

विवरण- श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेश प्रयागराज जोन प्रयागराज डॉ0 संजीव गुप्ता के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के नेतृत्व में दिन-प्रतिदिन बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन बांदा में आज एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में साइबर कमाण्डो श्री उत्तम सिंह व शिवाकान्त मिश्रा द्वारा जनपद के समस्त थानों में तैनात साइबर हेल्प डेस्क व साइबर थाना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें फील्ड स्तर पर कार्यरत पुलिस अधिकारियों को साइबर अपराधों की पहचान, जांच, निवारण एवं आमजन को जागरूक करने के विषय में जानकारी दी गई । साइबर अपराधों के नवीनतम प्रकार जैसे- ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, यूपीआई स्कैम, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल्स और फिशिंग ईमेल्स आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । प्राथमिक जाँच की विधियों- जैसे पीड़ित से सही जानकारी एकत्र करना, डिजिटल साक्ष्य को संरक्षित करना, आवश्यकतानुसार साइबर एक्सपर्ट्स की सहायता लेना आदि के बारे में भी बताया गया । साथ ही साइबर अपराध से बचाव हेतु आम जनता को जागरुक किए जाने हेतु साइबर सुरक्षा अभियान चलाने की रूप रेखा भी साझा करते हुए दिए जाने वाले सुझावों जैसे-अनजान लिंक पर क्लिक न करना, बैंकिंग जानकारी किसी से साझा करने, दो-स्तरीय सुरक्षा (Two-Factor Authentication) का प्रयोग करनें, किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज के बारे में जानकारी दी गई ।